


चतुर्थ अंक

# तिपान - बुलेटिन

अक्टूबर - दिसंबर 2022



## चतुर्थांक में विशेष :-

- अमृत महोत्सव संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं संपन्न संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार ने प्राप्त किया प्रथम स्थान
- जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता मैं महाविद्यालय की टीम बनी विजेता
- परी पटेल विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव कोलाज प्रतियोगिता की बनी विजेता ।


संपादक
प्रो.संगीता बासरानी

संरक्षक
डॉ . विक्रम सिंह बघेल



सर्वाधिकार सुरक्षित



प्रकाशक -आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर मध्य प्रदेश

# तिपान- बुलेटिन
## त्रैमासिक डिजिटल समाचार पत्रिका


संपादक मंडल

प्रधान संपादक - प्रो. संगीता बासरानी

सह-संपादक- प्रो.प्रीति वैश्य

सदस्य- प्रो. पूनम धांडे

सदस्य-प्रो.विनोद कुमार कोल

सलाहकार मंडल

डॉ. अमित भूषण द्विवेदी

प्रो. शाहबाज खान

प्रो. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय



newsletter@gtc.anuppur.ac.in

# अनुक्रम

गांधी जयंती पर स्वच्छता एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम

• युवा उत्सव 2022-23

• भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष पर एक दीप मातृभाषा के नाम कार्यक्रम

• मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के लक्ष्य में विविध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं संपन्न।

• राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन समिति द्वारा NEP युवा एंबेसडर का चयन

• NEP के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन

• जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में आमंत्रित व्याख्यान

• महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना वर्ष पर आमंत्रित व्याख्यान श्रृंखला

• शोध पद्धति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

• रोजगार मेले का आयोजन

• महाविद्यालय एवं जिला अस्पताल अनूपपुर के मध्य MOU।

• महाविद्यालय एवं जिला 177 अनूपपुर के मध्य MOU।

• RECENT TRENDS IN CHEMICAL SCIENCE विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

• विश्व मानवाधिकार दिवस पर स्वर्ण जयंती व्याख्यान

• राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में हुआ विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

फील्ड परियोजना पर आधारित तीन दिवसीय छात्र उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# ***संपादकीय***

## *नवाचार की सुरक्षा: बौद्धिक संपदा अधिकारों का महत्व*

रचनात्मकता और नवीनता के निरंतर विकसित होते परिदृश्य में, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) विकास और प्रगति के माहौल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और व्यापार रहस्य सहित ये अधिकार मानव गहन चिंतन के परिणाम की रक्षा के लिए आधारशिला के रूप में काम करते हैं।

बौद्धिक संपदा अधिकार अन्वेषकों, कलाकारों और रचनाकारों को यह आश्वासन प्रदान करते हैं कि उनके नवाचारों और रचनाओं को मान्यता दी जाएगी और पुरस्कृत किया जाएगा। पेटेंट नवीन आविष्कारों की रक्षा करते हैं, कॉपीराइट अभिव्यक्ति के मूल कार्यों की रक्षा करते हैं, और ट्रेडमार्क ब्रांड पहचान की रक्षा करते हैं। यह कानूनी ढांचा न केवल व्यक्तियों को अभूतपूर्व विचारों में समय और संसाधनों का निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करता है बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर आर्थिक विकास को भी प्रोत्साहित करता है।

संक्षेप में, आईपीआर नवाचार के एक चक्र को बढ़ावा देता है, क्योंकि जब रचनाकारों को पता होता है कि उनके प्रयास सुरक्षित हैं तो वे सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित होते हैं। यह रचनाकारों के लिए निवेश पर उचित रिटर्न सुनिश्चित करता है, जो बदले में आगे के अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देता है।

जबकि सुरक्षा और पहुंच के बीच संतुलन बनाने पर बहस जारी है, बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व को कम करके आंका नहीं जा सकता है। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास को गति देने और अंततः समग्र रूप से समाज को लाभ पहुंचाने के लिए एक मजबूत आईपीआर प्रणाली आवश्यक है।

श्रीमती संगीता बासरानी
सहा. प्राध्यापक (प्राणिशास्त्र)

# *गांधी जयंती पर रासेयो विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन*

**_02 *अक्टूबर* 2022**

02 अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल एवं नगर के समाजसेवी श्री महेश प्रसाद केशरवानी द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया | इसके उपरांत रासेयो विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्य एवं क्यारियों का निर्माण किया गया साथ ही महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा नशामुक्ति की शपथ ली गई |



भूमिका भास्कर | Digital Edition
मंगलवार, 04 अक्टूबर 2022

**गांधी जयंती पर रासेयो विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया**

**भूमिका संवाददाता, अनूपपुर**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय जिला अनूपपुर के प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल के निर्देशानुसार एवं रासेयो जिला संगठक प्रो ज्ञान प्रकाश पांडेय के मार्गदर्शन में गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा में नगर के समाजसेवी श्री महेश प्रसाद केसरवानी द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा स्वच्छता कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में रासेयो विद्यार्थियों द्वारा गाजर- घास उन्मूलन एवं पौधों के आसपास क्यारियों का निर्माण किया गया उक्त कार्यकम में नशा मुक्ति पर शपथ दिलाई गई इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ प्राचार्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता थी कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी श्री सत्येंद्र सिंह चौहान द्वारा किया गया



**गांधी जयंती पर नशा उन्मूलन की शपथ लेते स्टाफ के सद्स्**

## *शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में अंतर्कक्षा महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव 2022-23 कार्यक्रम संपन्न-*

**_10 एवं 11 अक्टूबर 2022**

मध्य प्रदेश शासन के निर्देश एवं उच्च शिक्षा के अकादमिक कैलेंडर अनुसार दिनांक 10 एवं 11 अक्टूबर 2022 को युवा उत्सव 2022 - 23 अंतर्गत अंतर्कक्षा महाविद्यालय स्तर पर 22 विधाओं यथा स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर, कार्टूनिंग, कोलाज, रंगोली, मूर्तिकला, एकल व समूह गायन, एवं वादन, एकल व समूह नृत्य (शास्त्रीय व लोक नृत्य), एकांकी, स्किट, मूक अभिनय, मिमिक्री, वक्तृता, वादविवाद, प्रश्नमंच आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। एक ओर नशा मुक्ति की थीम पर विद्यार्थियों ने पोस्टर व कोलाज का निर्माण किया ,वही जलवायु परिवर्तन एवं घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति गीत एवं भजन गायन तथा शास्त्रीय संगीत पर नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही मोबाइल के दुष्प्रभाव एवं नशा प्रवृत्ति का परिवार एवं समाज पर प्रभाव को दर्शाते हुए नाटक प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विक्रम सिंह बघेल द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि डॉ. पी. एस. मलैया विशिष्ठ अतिथि डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय व डॉ. अमित भूषण द्विवेदी,प्रो. संगीता बासरानी, प्रो. पूनम धाण्डे , डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी,प्रो. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, प्रो. कमलेश चावले ,डॉ. नीरज मिश्रा सहित तुलसी महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक भी इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे।इन प्रतियोगिताओं का आयोजन सांस्कृतिक समिति संयोजक प्रीति वैश्य सहित समस्त समिति सदस्यों डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. रेखा वर्मा , डॉ. भावना सिंह , डॉ. शैली अग्रवाल, डॉ. तरन्नुम सरबत,सुश्री प्रज्ञा तिवारी एवं प्रो.विनोद कुमार कोल द्वारा किया गया ।








## *महाविद्यालय में हिन्दी के महत्व पर परिचर्चा एवं 'एक दीप मातृभाषा के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।*


**_15 अक्टूबर 2022**

भारतीय भाषा दिवस 11 दिसंबर 2022 पर विचार गोष्ठी एवं "एक दिया हिन्दी के नाम" कार्य क्रम पर दीप प्रज्ज्वलन









# ***शासकीय तुलसी अग्रणी महाविद्यालय अनूपपुर में संपन्न हुई अमृत महोत्सव अंतर्गत संभाग स्तरीय चित्रकला रंगोली एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं-***

**_15 अक्टूबर 2022**

भारत सरकार के निर्देशानुसार म.प्र. में भी स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत की स्वाधीनता का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य तृतीय चरण की संभाग स्तरीय चित्रकला रंगोली एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन में शासकीय तुलसी महाविद्यालय में दिनांक 15 अक्टूबर 2022 को किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में शहडोल संभाग के अंतर्गत शहडोल ,उमरिया एवं अनूपपुर तीन जिलों के शासकीय महाविद्यालय गोहपारू ,शहडोल उमरिया ,जैतहरी एवं वेंकटनगर महाविद्यालय के जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्र- छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. जे. के. संत द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि , डॉ. अनीता पांडे (शासकीय कन्या महाविद्यालय अनूपपुर), विशिष्ठ अतिथि डॉ. सुनीता मरकाम (शासकीय कन्या महाविद्यालय शहडोल) व डॉ. कुंती साहू (शासकीय महाविद्यालय गोहपारू) सहित प्रो. संगीता बासरानी, प्रो. पूनम धाण्डे , प्रो. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय,प्रो. शाहबाज़ खान सहित तुलसी महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों से आए सहायक प्राध्यापक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अमृत महोत्सव अंतर्गत इन प्रतियोगिताओं का आयोजन सांस्कृतिक समिति संयोजक प्रीति वैश्य, सह -संयोजक प्रो.विनोद कुमार कोल सहित समस्त समिति सदस्यों , डॉ. रेखा वर्मा , डॉ. भावना सिंह , डॉ. शैली अग्रवाल, डॉ. तरन्नुम सरबत एवं सुश्री प्रज्ञा तिवारी द्वारा किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर हुई रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंडित.एस.एन.एस.वि.वि. की छात्रा दिशा सिंह बघेल ने प्राप्त किया। वहीं शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया की हिमांशी सिंह बघेल ने द्वितीय तथा तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर की छात्रा प्रीति राठौर ने रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।




"आत्मनिर्भर स्वतंत्र भारत " की थीम पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया की छात्रा रितिका गुप्ता ने प्रथम तथा शासकीय महाविद्यालय गोहपारू की छात्रा काजल गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



शासकीय महाविद्यालय वेंकटनगर की छात्रा दीपिका सिंह चौहान ने शहीद भगत सिंह के चित्र द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम शासकीय कन्या महाविद्यालय शहडोल की छात्रा राशि तिवारी ने द्वितीय तथा शासकीय आर.व्ही.पी.एस. महाविद्यालय के छात्र हर्ष दाहिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।






## *विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर एक वेबीनार*

**_16 अक्टूबर 2022**

अर्थशास्त्र विभाग, शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर द्वारा मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना के अंतर्गत 'विश्व खाद्य दिवस' के अवसर पर दिनांक 16 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विक्रम सिंह बघेल ने स्वागत वक्तव्य में कहा की विकास की तमाम उपलब्धियों के बावजूद हम विश्व को एक भूख मुक्त विश्व दे पाने में विफल रहे हैं। सतत विकास लक्ष्य एवं भूख मुक्त विश्व तथा विश्व खाद्य दिवस 2022 पर प्रकाश डालते हुए देवनागरी महाविद्यालय, गुलावठी के भवनीत सिंह बत्रा ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों में दूसरा लक्ष्य 2030 तक भूख का पूरी तरह से उन्मूलन करना है; परंतु आंकड़े बताते हैं कि 2015 से भूख से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ने लगी है। यदि यही स्थिति रही तो 2030 तक भूख मुक्त विश्व का यह लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकेगा। भूख का सबसे ज्यादा शिकार निम्न आय वर्ग एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर उत्पादन, बेहतर पोषण और बेहतर पर्यावरण को लक्षित करके खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।



पीयूष त्रिपाठी ने जनसंख्या खाद्य एवं पर्यावरण पर संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंख्या वृद्धि को जनसंख्या विस्फोट नहीं समझा जाना चाहिए बल्कि इसे मानव संसाधन में विकसित करके तथा खाद्य उत्पादन को जनसंख्या के अनुपात में बढ़ाकर आर्थिक विकास की तरफ बढ़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा की उत्पादन को पर्यावरण मित्र तकनीकी के अनुरूप बढ़ाया जाना चाहिए।

डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने समकालीन विश्व में खाद्य सुरक्षा के समक्ष उत्पन्न चुनौतियां; युद्ध एवं महामारी के विशेष संदर्भ में कहा युद्ध एवं महामारी खाद्यान्न उत्पादन तथा उसके वितरण को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। उन्होंने यूक्रेन युद्ध का उदाहरण देकर बताया कि किस प्रकार मक्का तथा सूरजमुखी के तेल आदि खाद्य पदार्थों की कीमतों में वैश्विक स्तर पर वृद्धि हुई है। इसका सबसे ज्यादा शिकार अफ्रीका के गरीब देश तथा जनसंख्या हुई है।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में शासकीय महाविद्यालय व्यंकटनगर के प्राचार्य प्रोफेसर आर के सोनी सोनी ने कहा कि हमें विश्व को भूख मुक्त बनाने के लिए जनसंख्या नियंत्रण पर ध्यान देना होगा।


इसके पूर्व कार्यक्रम के संयोजक अमित भूषण द्विवेदी ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि भूख तथा पोषण कैसे पूरे विश्व के समक्ष एक नैतिक विषय हैं। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान प्रकाश पांडे ने किया तथा आभार ज्ञापन प्रीति वैश्य ने किया। इस अवसर पर डॉ. जे.के.संत, शहबाज़ खान,विनोद कुमार कोल, डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार(गौतम बुद्ध नगर),डॉ.साफिया जेहरा(पंचमढ़ी), रश्मि चौहान(दतिया),कमलेश चावले,शीतल द्विवेदी, बृजेन्द्र सिंह, डॉ. तरन्नुम सरबत,रामबाबू तिवारी,नरेंद्र गुप्ता के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का वीडियो अर्थशास्त्र विभाग के Youtube Chanel- Tulsi Gyandhara पर उपलब्ध है।

https://youtu.be/FTpQHIKRmhY

Department of Higher Education, Madhya Pradesh



## ***संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा विजय लक्ष्मी सिंह सिकरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया***

**_17 अक्टूबर 2022**

16 अक्टूबर 2022 को ***'शिक्षा में स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020'*** विषय पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत इंदिरा गाँधी गृहविज्ञान कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय शहडोल में आयोजित संभाग स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा विजय लक्ष्मी सिंह सिकरवारने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।






## ***शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में अंतर् महाविद्यालय जिला स्तरीय युवा उत्सव*** 2022-23 ***कार्यक्रम संपन्न-***

**_17 अक्टूबर 2022**

मध्य प्रदेश शासन के निर्देश एवं उच्च शिक्षा के अकादमिक कैलेंडर अनुसार शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में दिनांक 17 अक्टूबर 2022 को युवा उत्सव 2022 - 23 अंतर्गत जिला स्तरीय स्तर पर 17 विधाओं यथा स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर, कार्टूनिंग, कोलाज, रंगोली, मूर्तिकला, एकल व समूह गायन, एवं वादन, एकल व समूह नृत्य (शास्त्रीय व लोक नृत्य), एकांकी, स्किट, मूक अभिनय, मिमिक्री, वक्तृता , प्रश्नमंच आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में अनूपपुर जिले के शासकीय महाविद्यालय जैतहरी, कोतमा, बिजुरी, पुष्पराजगढ़, राजनगर , शास. कन्या महाविद्यालय अनूपपुर एवं संस्कार विधि महाविद्यालय अनूपपुर तथा कल्याणिका महाविद्यालय अमरकंटक सहित कुल 9 महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। एक ओर 'नशा मुक्ति' की थीम पर विद्यार्थियों ने रंगोली पोस्टर व कोलाज का निर्माण किया ,वहीं जलवायु परिवर्तन एवं घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत एवं भजन गायन तथा शास्त्रीय एवं लोक संगीत पर नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। माधुरी राठौर एवं ग्रुप (शास. महावि. जैतहरी) द्वारा पर्यावरण संरक्षण की थीम पर तथा सेजल गुप्ता एवं ग्रुप (शास. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर) द्वारा नशा प्रवृत्ति का परिवार एवं समाज पर प्रभाव को दर्शाते हुए एकांकी की प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. आर. एस. वाटे (प्राचार्य शास. महाविद्यालय जैतहरी) , विशिष्ठ अतिथि डॉ. माया पारस (प्राचार्य शास. महाविद्यालय राजनगर) ,डॉ.जे.के.संत , वरिष्ठ सहा. प्राध्यापक (शास. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर ) ने अपने संबोधन द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में सम्मिलित विभिन्न महाविद्यालयों के सांस्कृतिक /दल प्रभारी /सहा. प्राध्यापक सहित तुलसी महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक भी इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता श्रीवास्तव तथा श्री सत्येंद्र सिंह द्वारा किया गया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन सांस्कृतिक समिति संयोजक प्रीति वैश्य एवं सदस्य प्रो.विनोद कुमार कोल, डॉ. रेखा वर्मा , डॉ. भावना सिंह , डॉ. शैली अग्रवाल, डॉ. तरन्नुम सरबत ,सुश्री प्रज्ञा तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में विशेष सहयोग हेतु संयोजक प्रीति वैश्य ने डॉ. अमित भूषण त्रिवेदी ,प्रो. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, प्रो. कमलेश चावले, प्रो. शाहबाज खान ,प्रो. पूनम धाण्डे सहित समस्त महाविद्यालयों के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं दल प्रभारी तथा निर्णायकों का आभार व्यक्त किया।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता के अंतर्गत समूह नृत्य प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ की टीम ने लोक नृत्य करमा प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।








कार्टूनिंग प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय जैतहरी की छात्रा जिया फिरदौस ने तथा  कोलाज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा परी पटेल ने तथा चित्रकला प्रतियोगिता में कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन महाविद्यालय, अमरकंटक के सुल्तान सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।






## *महाविद्यालय के खाते में एक और खिताब*

_17 अक्टूबर 2022

दिनाँक 17 अक्टूबर को जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में शासकीय महाविद्यालय अनूपपुर ने एक अंत तक चले बेहद रोमांचक मुकाबले में टाई ब्रेकर की सहायता शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ को 3-2 के अंतर से हराकर जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता अपने नाम किया।

**विस्तृत खेल रिपोर्ट-**

शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा खेल कैलेंडर अनुसार जारी खेल कैलेंडर के अनुसार, शासकीय तुलसी महाविद्यालय में जिला फुटबॉल( पुरुष )प्रतियोगिता संपन्न कराई गई l जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल के सानिध्य में की गई। इस प्रतियोगिता में शहडोल, उमरिया, एवम अनूपपुर जिले की समस्त टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें 4 टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ और बिजुरी के साथ हुआ इसमे शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ विजई हुआ और फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर का मुकाबला शासकीय व्यवहारी महाविद्यालय से हुआ। जिसमें अनूपपुर के शानदार प्रदर्शन के बल पर अनूपपुर टीम के फाइनल में प्रवेश किया। तत्पश्चात फाइनल मैच में अनूपपुर की टीम ने प्रतियोगिता में विजेता दिख रही टीम पुष्पराजगढ़ को ट्राईब्रेकर में तीन के मुकाबले दो गोल से मात देकर 2022 -2023 का किताब अपने नाम किया l इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिथि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री एच एल बहेलिया जी, विशिष्ट अतिथि श्री शिव भूषण पांडे डॉ, वीके पठान, डॉ.जे के संत, श्री महेंद्र सिंह ,श्री खलील कुरेशी रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्णायक की भूमिका श्री धनीराम एवं दिवाकर जी ने अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम को गति देने का कार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ देवेंद्र सिंह बागरी एवं क्रीड़ा अधिकारी श्री रामायण वर्मा संभाग सचिव , मनीष पांडे , दिलीप शुक्ला ,शमशेर अली , राजकुमार गुप्ता ,रामधारी जयसवाल , अमित निगम आई एन बैग, श्री राजेश उपाध्याय आनंद मिश्रा ने किया। मंच संचालन की भूमिका श्री विजय प्रताप सिंह ने निभाई, इसके साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. गीतेश्वरी पांडे, राजेश्वरी सिंह , राघवेंद्र सिंह ,विनोद सिंह, दिवाकर शर्मा ,संजीव द्विवेदी डॉ.बृजेश सिंह, संतोष सिंह एवम अन्य समस्त महाविद्यालय परिवार के स्टाफ जिसको जो जिम्मेदारी दी गई थी अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण करते हुए इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। साथ ही महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में वॉलिंटियर्स के रूप में शामिल होकर इस प्रतियोगिता को संपन्न करवाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही छात्रा साक्षी पाठक एवं छात्र अभिषेक तिवारी ने स्वल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था का कार्य संपादन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संगठन सचिव श्री रामायण वर्मा जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।






शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर

## ***वाणिज्य विभाग के द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन-***

_19 **अक्टूबर** 2022

दिनाँक 19 अक्टूबर 2022 को महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना द्वारा वित्तपोषित इस कार्यशाला को प्रो. शैलेन्द्र सिंह भदौरिया,पूर्व डीन एवं विभागाध्यक्ष फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट,इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय,अमरकंटक (म.प्र.);डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डीन एवं विभागाध्यक्ष फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, पंडित एस. एन. शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.); डॉ. मुकेश अग्रवाल,सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) तथा डॉ. विवेकानंद मंडल,सहायक प्राध्यापक,फार्मेसी विभाग, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)द्वारा संबोधित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल द्वारा तथा कार्यशाला का संयोजन डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी(विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग) द्वारा किया गया।

कार्यशाला में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों ने व्याख्यान प्रस्तुत किए कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रोफेसर अनिल कुमार गुप्ता प्राध्यापक पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल ने बौद्धिक संपदा के अवधारणात्मक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए इसके मालिक पक्षों को समझाने का प्रयास किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में इंदिरा गांधी नेशनल ट्राईबल यूनिवर्सिटी, अमरकंटक के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र भदौरिया ने बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि जिस प्रकार भौतिक संपत्ति की रक्षा के प्रति हम जागरूक रहते हैं उसी प्रकार बौद्धिक संपदा का संरक्षण भी आवश्यक है विशिष्ट वक्ता डॉ मुकेश अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने बौद्धिक संपदा के विभिन्न पहलुओं कॉपीराइट को बताते हुए इन सब के मध्य अंतर को बताया उन्होंने कहा बौद्धिक संपदा के संबंध में अभी समाज को बहुत अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है आमजन अभी इस अधिकार से बहुत परिचित नहीं है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट वक्ता डॉ विवेकानंद मंडल सहायक प्राध्यापक, फार्मेसी गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने बौद्धिक संपदा के संरक्षण की प्रक्रिया पर व्याख्यान प्रस्तुत किया डॉ मंडल ने ट्रेडमार्क एवं कॉपीराइट प्राप्त करने के लिए अपनाए जाने वाले आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल एवं इसके संयोजक डॉ देवेंद्र सिंह बागरी, विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग रहें। सह-संयोजक शाहबाज़ खान एवं कार्यक्रम सचिव डॉ नीरज मिश्रा रहें। कार्यक्रम का संचालन स्वेता श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में 100 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।


एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला
मैं आपका हार्दिक स्वागत है।




शासकीय तुलसी महाविद्यालय
एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

## *राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सामूहिक शपथ*

**_31 अक्टूबर 2022**

दिनाँक 31 अक्टूबर को महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जे.के.संत ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने की शपथ दिलाई।






## ***मध्यप्रदेश राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति एवं एन. एस. एस. इकाई के द्वारा आयोजित किये गए विविध गतिविधियां-***

**_1 अक्टूबर 2022**

-- नशामुक्ति विषय पर महाविद्यालय के शिक्षकों के द्वारा किया गया व्याख्यान का आयोजन।

-- नशामुक्ति से संबंधित लघु फ़िल्म का प्रदर्शन किया गया।

-- विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश राज्य गीत का गायन भी प्रस्तुत किया।







शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनुपपुर द्वारा मध्यप्रदेश राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग,भोपाल तथा मध्यप्रदेश शासन , सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल के संरक्षण तथा सांस्कृतिक समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में 'नशामुक्ति अभियान' के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में डॉ. जे.के.संत,वरिष्ठ प्राध्यापक, राजनीति शास्त्र ने अपने विचार रखे तथा एक कहानी के माध्यम से उन्होंने छात्र/छात्राओं को नशा से दूर रहने के लिए आह्वान किया।

वहीं, प्रो. चावले ने अपने व्याख्यान में बताया कि किस प्रकार से युवा पीढ़ी नशा करने से बच सकती है । इस अवसर पर प्रो. प्रीति वैश्य और डॉ. स्वेता श्रीवास्तव विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित रहे ।

इस कार्यक्रम में नशामुक्ति से संबंधित लघु चित्र फ़िल्म का प्रदर्शन महाविद्यालय के स्मार्ट कक्षा में किया गया।कार्यक्रम का संचालन एन. एस. एस. जिला संगठक प्रो. ज्ञान प्रकाश पांडेय ने किया।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो विनोद कुमार कोल, प्रो.शाहबाज़ खान, श्री सतेंद्र चौहान, डॉ तरन्नुम सरवत तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## *आदिवासी अंचल के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में 'मध्यप्रदेश स्थापना दिवस' के उपलक्ष्य में विविध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं समपन्न-*

_05 ***नवंबर*** 2022

मध्यप्रदेश राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 01 नवंबर से 07 नवंबर 2022 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस परिप्रेक्ष्य में दिनांक 5 नवंबर 2022 को सामान्य प्रशासन विभाग तथा उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में मध्यप्रदेश के गौरव के दृष्टिगत रखते हुए लोक नाट्य एवं लोकनृत्य, मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत विषय पर निबंध प्रतियोगिता,मध्यप्रदेश -सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्नमंच एवं वन्य प्राणी संरक्षण विषय आधारित पोस्टर निर्माण व भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह बघेल द्वारा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जे. के. संत (वरिष्ठ सहा. प्रा. एवं विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र), विशिष्ट अतिथि डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी (क्रीडा परिषद प्रभारी व विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय) उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉ. अमित भूषण द्विवेदी, डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, प्रो. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, प्रो. शाहबाज़ खान, प्रो. पूनम धांडे, प्रो. विनोद कुमार कोल ,डॉ. ब्रजेंद्र सिंह, श्री दिवाकर सिंह सहित महाविद्यालय परिवार के समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ इस समारोह में उपस्थित रहा।







कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के पश्चात बी.एस-सी प्रथम वर्ष की छात्रा सेजल गुप्ता द्वारा मध्य प्रदेश गान की प्रस्तुति के साथ हुआ ।महाविद्यालय के विभिन्न विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में सहभागिता की । प्रश्नमंच प्रतियोगिता में शिवम विराट (एम.ए. प्रथम सेम.) ने प्रथम विजय लक्ष्मी सिंह सिकरवार (बी.ए. प्रथम वर्ष)ने द्वितीय तथा प्रियांशु अग्रवाल(बी.ए.प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

भाषण प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्रों डीलन सिंह ने प्रथम, प्रियांशु अग्रवाल ने द्वितीय तथा ऐश्वर्या सिंह (बी.कॉम.I) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में शांति कोल (बी.एस. सी.I) ने प्रथम, सुमित पटेल(बी.ए.II) ने द्वितीय तथा सिमरन दाहिया(बी.कॉम.II)ने तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए वन्य प्राणी संरक्षण का संदेश दिया।

लोक नृत्य प्रतियोगिता में मीना चर्मकार व सपना चर्मकार ने करमा नृत्य प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं घूमर नृत्य द्वारा मनस्वी सोनी ने द्वितीय स्थान महामाया पटेल एवं समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो.प्रीति वैश्य तथा सहसंयोजक डॉ. आकांक्षा राठौर सहित डॉ. शैली अग्रवाल, डॉ.तरन्नुम सरवत एवं सुश्री प्रज्ञा तिवारी द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप मेडल प्रदान करने के पश्चात कार्यक्रम के सफल संचालन में विशेष सहयोग हेतु संयोजक प्रीति वैश्य ने डॉ. अमित भूषण द्विवेदी ,प्रो. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, प्रो. शाहबाज खान ,प्रो. पूनम धाण्डे सहित समस्त महाविद्यालयों के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं दल प्रभारी तथा निर्णायकों का आभार व्यक्त किया।



***संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में रीवा विजेता जबकि अनूपपुर की टीम उपविजेता रही। टीम के साथ स्पोर्ट अधिकारी श्री रामायण प्रसाद वर्मा।***

_05 नवंबर 2022



***जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला फुटबाल टीम विजयी-***

08 नवंबर 2022



## *राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन समिति द्वारा एन. ई. पी.युवा ऐम्बेसेडर का चयन*

_10 नवंबर 2022

विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार, बी.ए. प्रथम वर्ष को छात्रा वर्ग में तथा सतीश कुमार,बी.एस-सी द्वितीय को छात्र वर्ग में एन. ई. पी.युवा ऐम्बेसेडर के रूप में चयन किया गया है। दिनाँक 10 नवंबर 2022 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन समिति द्वारा महाविद्यालय के सेमिनार रूम में युवा ऐम्बेसेडर के चयन प्रक्रिया हेतु इच्छुक प्रतिभागियों के लिए साक्षत्कार एवं प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा अम्बेसेडर के चयन प्रक्रिया में डॉ. अमित भूषण, श्री ज्ञान प्रकाश पांडेय, प्रो.संगीता बासरानी एवं श्री शाहबाज खान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन समिति की ओर से उपस्थित रहें।

युवा ऐम्बेसेडर से यह अपेक्षा है कि वे जिले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन को लेकर विद्यार्थियों एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के मध्य शिक्षा नीति के प्रचार,प्रसार एवं जागरूकता अभियान में अपना योगदान प्रस्तुत करेंगे।











## *परी पटेल ने विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया*

_12 नवंबर 2022

बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा परी पटेल ने "स्वच्छ-भारत" थीम पर विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

महाविद्यालय परिवार की ओर से परी पटेल को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।




## *महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किये गए जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता, शहडोल विजयी।*

_12 नवंबर 2022



नव भारत

**कबड्डी प्रतियोगिता में शहडोल टीम विजयी**

अनूपपुर, नवभारत। शासकीय तुलसी अग्रणी महाविद्यालय अनूपपुर में जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के फाईनल मैच में शासकीय कन्या महाविद्यालय शहडोल की टीम विजेता तथा शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढ़ार की टीम उप विजेता रही। इस अवसर पर तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह, शासकीय महाविद्यालय वेंकटनगर के प्राचार्य डॉ. आर.के. सोनी, शा. कन्या महाविद्यालय शहडोल के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एस.बी. पांडेय सहित महाविद्यालयीन शैक्षणिक स्टॉफव खेल प्रेमी, छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# *राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन तथा प्रचार-प्रसार हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन*

**_14 एवं 18 नवंबर 2022**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन तथा इसके प्रचार-प्रसार हेतु दिनाँक 14 नवंबर 2022 को महाविद्यालय स्तरीय तथा दिनाँक 18 नवंबर 2022 को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

दिनाँक 14 नवंबर 2022 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन समिति के द्वारा कुल चार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समस्त विधाओं के विजेताओं की सूची इस प्रकार है -

1. प्रश्नमंच प्रतियोगिता-

प्रथम स्थान- विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार एवं समूह

द्वितीय स्थान- दीपू कुमार एवं समूह

तृतीय स्थान- कपिल कुमार महरा

2. भाषण प्रतियोगिता-

प्रथम स्थान- प्रियांशु अग्रवाल

द्वितीय स्थान- इच्छा गौतम

तृतीय स्थान- दीक्षा मिश्रा


3. निबंध प्रतियोगिता-

प्रथम स्थान- विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार

द्वितीय स्थान - मनस्वी सोनी

तृतीय स्थान- रोशनी प्रजापति



4. पोस्टर प्रतियोगिता-

प्रथम स्थान - परी पटेल

द्वितीय स्थान- भारती राठौर

तृतीय स्थान- सिमरन दहिया

सभी विजेताओं को बधाई 💐




## *प्राचार्य प्रोफेसर विक्रम सिंह बघेल की विदाई एवं नए प्राचार्य का स्वागत*

_15 नम्वबर 2022

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विक्रम सिंह बघेल के पंडित एस. एन. शुक्ला विश्विद्यालय में प्रतिनियुक्ति प्राप्त होने के पश्चात महाविद्यालय परिवार ने दुःखी मन के साथ प्राचार्य महोदय की विदाई की ।डॉ. प्रोफेसर विक्रम सिंह बघेल के 15 महीने के संक्षिप्त कार्यकाल में तुलसी महाविद्यालय का विकास सभी दिशाओं में हुआ है।



दैनिक समय शहडोल

**प्रतिनियुक्ति पर पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय भेजे गए शास.तुलसी महावि. के प्राचार्य डॉ.विक्रम सिंह बघेल**

अनूपपुर (ब्यूरो) मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल ने शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह बघेल को प्रतिनियुक्ति पर पंडित शंभूनाथ विश्व विद्यालय शहडोल मे स्थानांतरित किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ.बघेल के कुशल नेतृत्व को देखते हुए को शासन ने इनकी सेवाओं को विश्वविद्यालय को सौंप दी है।ज्ञात हो कि बहुत ही कम समय के कार्यकाल मे डॉ. बघेल ने शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर को राज्य स्तर पर पहचान दिलाई। महाविद्यालय के विकास में सतत प्रयासरत रहे,जिसके क्रम मे उन्होंने नैक मूल्यांकन के लिए एक व्यवस्थित कार्य योजना बनाई।एक कर्मठ अधिकारी के रुप में डॉ. बघेल ने अपने आप को तुलसी महाविद्यालय में स्थापित किया। उनकी सेवाओं के स्थानांतरण पर तुलसी महाविद्यालय परिवार सहित, पूरा नगर मायूस है।स्थानांतरण के पश्चात डॉ. बघेल ने तुलसी महाविद्यालय के प्राचार्य पद का पदभार महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.जे.के.संत को सौंपा है।

इसके साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे.के.संत ने कल दिनाँक 15 नवंबर 2022 को प्राचार्य पद का प्रभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि डॉ. जे.के.संत विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान के साथ-साथ महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी, IQAC प्रभारी, सचिव स्टाफ काउंसिल, चीफ प्रॉक्टर तथा TC प्रभारी के रूप में पहले से ही प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर अपने महाविद्यालय के नए प्राचार्य का स्वागत किये।





## *"जनजातीय गौरव दिवस" के उपलक्ष्य में आयोजित आमंत्रित व्याख्यान कार्यक्रम*

_15 नवंबर 2022

आज15 नवंबर 2022 को आदिवासी समाज के नायक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा जी के जन्म दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा जी की जीवनी के संबंध में शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। "जनजातीय गौरव दिवस" के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के.संत ने की। अध्यक्ष महोदय द्वारा बिरसा मुंडा जी की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में शास. कन्या महाविद्यालय अनूपपुर के प्रो. राघवेंद्र सिंह , डॉ. रमा नायडू एवं तुलसी महाविद्यालय के डॉ. योगेश तिवारी ने अपने व्याख्यान द्वारा विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा जी के व्यक्तित्व तथा भारतीय इतिहास और संस्कृति में जनजातीयों के विशेष योगदान से अवगत कराया। मुख्य अतिथि डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी (विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय),डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय ( विभागाध्यक्ष गणित) एवं प्रो विनोद कुमार कोल के साथ ही महाविद्यालय परिवार के समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ इस समारोह में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एनएसयूआई छात्र संजय कुमार सोनी एवं महाविद्यालय के छात्र प्रियांशु अग्रवाल ने जनजातीय गौरव दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. जे.के. संत ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बिरसा मुंडा जी के संघर्षों से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को अपने जीवन को सार्थक बनाने की सीख दी।

इस अवसर पर महविद्यालय के विभिन्न विद्यार्थियों से 'आदिवासी सांस्कृतिक विरासत' एवं आदिवासी समाज के नायक बिरसा मुंडा पर आधारित आलेख आमंत्रित किए गए थे। जिनमें से श्रेष्ठ तीन आलेखों के लिए क्रमशः मुस्कान पनिका ,अनुष्का रावत एवं किशन आर्मो को मैडल एवं प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

आज के इस जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रो.प्रीति वैश्य तथा सहसंयोजक डॉ. आकांक्षा राठौर सहित डॉ. शैली अग्रवाल, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव एवं सुश्री प्रज्ञा तिवारी डॉ. भावना सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ज्ञान प्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया।


शासकीय तुलसी महाविद्यालर
अनूपपुर (म.प्र.)
एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यश
विषयः बौद्धिक संपदा अधिकार
दिनांकः 19 अक्टूबर 2022
आयोजकः वाणिज्य विभाग
में आपका हार्दिक स्वा
मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना (MP
शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)
भगवान बिरसा मुंडा की जयंती
के अवसर पर
जनजातीय गौरव दिवस





## *महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 'न्याय के सिद्धांत में जान रॉल्स का योगदान' विषय पर आमन्त्रित व्याख्यान शृंखला*

_16 नवंबर 2022

अर्थशास्त्र विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में दिनांक 16 नवंबर 2022 को 'न्याय के सिद्धांत में जान रॉल्स का योगदान' विषय पर मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना वित्तपोषित आमन्त्रित व्याख्यान शृंखला 01 सत्र 2022-23 का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में सुबह के 11:30 बजे से किया गया।

👉 इस व्याख्यान को श्री गजेंद्र सिंह, सहायक प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र, शासकीय महाविद्यालय जैतहरी ने संबोधित किया।

👉 स्वर्ण जयंती व्याख्यान शृंखला में शामिल होने हेतु विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध रखी गयी।

प्रथम स्वर्ण जयंती व्याख्यान शृंखला को शासकीय जैतहरी महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गजेंद्र सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह ने अपने व्याख्यान के माध्यम से यह बताया कि जॉन रॉल्स के सिद्धान्त में मूल स्थिति में सर्वसम्मत से न्याय के दो नियम बनाये जाएंगे-

(1)प्रत्येक व्यक्ति को समान मौलिक स्वातन्त्र्यों की एक पर्याप्त रूप से सुस्पष्ट व्यवस्था पर समान अधिकार है और यह व्यवस्था सभी व्यक्तियों के लिए सुलभ है।

(2) सामाजिक और आर्थिक विषमताएँ दो शर्तों के पूरा होने पर ही स्वीकार्य हो सकती हैं। एक, तो इन विषमताओं का नाता सभी को समान अवसरों की व्यवस्था के अन्तर्गत सुलभ किसी पद / पदाधिकार से हो; तथा दूसरे इन (विषमताओं) से भी समाज के सर्वाधिक अभावपीड़ित व्यक्तियों का अधिकतम हितसाधन हो रहा हो।

इसके पूर्व व्याख्यान शृंखला का आरम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के.संत के द्वारा दीप प्रज्वलित करके स्वागत संबोधन के द्वारा किया गया। विजय लक्ष्मी सिंह सिरकवार तथा इच्छा गौतम ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। संयोजक श्री ज्ञान प्रकाश पांडेय ने कार्यक्रम का संचालन किया वहीं डॉ. अमित भूषण द्विवेदी व्याख्यान के बारे अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र सिंह बाग़री, डॉ. गीतेश्वरी पांडेय, प्रो.अजयराज सिंह राठौर, श्रीमती संगीता बासरानी शाहबाज खान तथा डॉ. तरन्नुम सरवतविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।


व्याख्यान का सह-संयोजन श्रीमती प्रीति वैश्य के द्वारा किया गया जबकि आयोजन सचिव श्री विनोद कुमार कोल रहे।आयोजन समिति में सदस्य के रूप में डॉ. आकांक्षा राठौर, श्री कमलेश चावले तथा प्रो.पूनम धांडे के द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्य्रकम का समापन श्री कमलेश चावले के द्वारा आभार व्यक्त प्रस्तुत करके किया गया। इसके पूर्व अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर किया गया।

इस व्याख्यान से 53 विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए जबकि व्याख्यान की वीडियो रिकॉर्डिंग से भविष्य में भी विद्यार्थी अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होते रहेंगे।

व्याख्यान की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए उद्घाटन सत्र की ऑडियो रिकॉर्डिंग जबकि,व्याख्यान का ऑडियो- वीडियो रिकॉर्डिंग करवाया गया।













# "शोध पद्धति" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

_21–22 नवंबर 2022

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना(विश्व बैंक परियोजना) के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा दिनाँक 21-22 नवंबर को प्रमाण पत्र आधारित 'शोध पद्धति' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत ने की।




कार्यशाला का संयोजन डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक,गणित द्वारा किया गया। यह कार्यशाला मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन द्वारा प्रायोजित की गई है।

कार्यशाला के प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता प्रोफेसर रविंद्र नाथ तिवारी ,भूगर्भ शास्त्र विभाग शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय,रीवा तथा द्वितीय वक्ता डॉ. नेतराम कौरव, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर रहे।

प्रथम दिवस प्रोफेसर रविंद्र नाथ तिवारी ने अपने प्रथम व्याख्यान में अनुसंधान को परिभाषित करते हुए बताया कि किसी भी क्षेत्र में ज्ञान की खोज करना अनुसंधान कहलाता है। अनुसंधान का दैनिक जीवन में क्या महत्व है जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

प्रथम दिवस के द्वितीय व्याख्यान में प्रोफेसर तिवारी ने अनुसंधान प्रक्रिया के विभिन्न बिंदुओं के माध्यम से सैद्धांतिक पक्षों का वर्णन किया। डॉ. नेतराम कौरव ने अपने प्रथम व्याख्यान में शोध से संबंधित महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की, इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म का शोध में कैसे यूज किया जाता है इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। डॉक्टर कौरव ने अपने द्वितीय व्याख्यान में शोध पद्धति में लिटरेचर रिव्यू कैसे किया जाता है, लिटरेचर रिव्यू के विभिन्न वेबसाइट के बारे में जानकारी दी। N-list, गूगल स्कॉलर तथा अन्य विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से लिटरेचर सर्वे किस प्रकार किया जाता है आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर दिलीप सिंह ,पूर्व निदेशक,लुप्तप्राय भाषा केंद्र, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक रहें। उन्होंने अपने व्याख्यान में शोध प्रविधि आधार और शोध कार्य प्रयोजन विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की । प्रोफेसर दिलीप सिंह ने अपने द्वितीय व्याख्यान में शोध कार्य में तथ्य से सत्य की कठिन शोधार्थी की यात्रा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की व शोध पद्धति के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

द्वितीय दिवस के कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर परमानंद तिवारी, पूर्व प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर रहे।




उन्होंने छात्र-छात्राओं व प्रतिभागियों को बताया कि शोध किस प्रकार से किया जाए तथा शोध के विषय का चयन किस प्रकार से किया जाए इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. जे. के. संत ने कहा कि अनुसंधान विषय पर इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण और आवश्यक है इससे युवा छात्र-छात्राओं का शोध के प्रति रुझान बढ़ेगा तथा भविष्य में भी इस तरह की कार्यशाला का आयोजन किया जाना चाहिए ।

कार्यशाला में विभिन्न जिलों व अनूपपुर के विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागी, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।



## *शासकीय तुलसी महाविद्यालय में हुआ रोजगार मेला का आयोजन-*

_17 नम्वबर 2022

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत माननीय कलेक्टर महोदया के संरक्षण एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत के मार्गदर्शन में दिनांक 17 नम्वबर 2022 को प्रातः 10:30 बजे से ' एकदिवसीय रोजगार मेले' का आयोजन किया गया।




इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सरोधन सिंह अपर कलेक्टर अनूपपुर रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. डी. पी. शार्मे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ और डॉ. आर. एस. वाटे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय जैतहरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ जे के सन्त द्वारा की गई।

इस रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों रोजगार/स्वरोजगार प्रदान करने वाली कंपनियां सम्मिलित हुई जिनमें प्रमुख रूप से सहायक संचालक उद्यान अनूपपुर, नव किसान बॉयो प्लांटेक लिमिटेड जबलपुर, वेलसन , मिंडा साई , प्रीमियर , आईसेक्ट पी.एम.के. के. अनूपपुर, लेर्नेट स्किल लिमिटेड अनूपपुर, आर-सेटी अनूपपुर और रिलायंस जियो लिमिटेड शहडोल रही। इस कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक छात्र/छात्राओं ने भाग लिया और अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार विभिन्न कंपनियों में अपना रजिस्ट्रेशन कराया । इस कार्यक्रम का शुभारंभ अपर कलेक्टर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया और अथितियों का स्वागत प्राचार्य के द्वारा दिया गया । और छात्र/छात्राओं इस करियर अवसर मेले का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। रोजगार मेले में उपस्थित कंपनियों का परिचय विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. विनोद कुमार कोल के द्वारा कराया गया। अपर कलेक्टर महोदय ने कहा कि रोजगार/स्वरोजगार के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह एक अच्छा अवसर है कि वे अपने महाविधालय परिसर मे ही उपस्थित कंपनियों में से अपनी रुचि के अनुसार अपना जॉब प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने किया और आभार सहसंयोजक प्रो. संगीता बासरानी ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, डॉ.आकांक्षा राठौर, डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, प्रो. कमलेश चावले, प्रो. शाहबाज खान, प्रो. पूनम , डॉ. तरन्नुम सरवत, प्रो. सूरज परवानी, प्रो. राघवेंद्र सिंह डॉ. इंद्र नारायण काछी, प्रो. संजीव द्विवेदी, प्रो. दिवाकर शर्मा, डॉ. नीरज मिश्रा, डॉ. राकेश सिंह, प्रो. के. सी. सोनी, श्री संतोष सिंह, विकास खांडे और शेर सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## *संभाग स्तरीय NEP प्रतियोगिता का आयोजन अवधेश प्रताप सिंह विश्विद्यालय, रीवा में सम्पन्न-*

**महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार ने संभाग में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।**




शासकीय महाविद्यालय राजनगर के विद्यार्थी मनुमणि त्रिपाठी भाषण प्रतियोगिता में संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्रा विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार ने निबंध प्रतियोगिता में संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

शासकीय महाविद्यालय, कोतमा की छात्रा अदिति गौतम ने पोस्टर निर्माण के तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय परिवार की ओर से संभाग स्तर पर विजेता समस्त प्रतिभागियों को बधाइयां एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

## *संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ।*

_26 नवंबर 2022





## *शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर तथा जिला अस्पताल,अनूपपुर के मध्य हुआ समझौता ज्ञापन(एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर-*

_28 नवंबर 2022

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर तथा जिला अस्पताल,अनूपपुर के मध्य समझौता ज्ञापन(एम.ओ.यू.) हुआ।

**उद्देश्य-** समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों संस्थाओं के मध्य विशेषज्ञताओं का आदान प्रदान करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य तथा जागरूकता के क्षेत्र में साझा सहयोग विकसित करना है।

**सहयोग के क्षेत्र-**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार (MoHFW) द्वारा घोषित प्रमुख दिवसों के बारे में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन दोनों संस्थानों द्वारा सम्मिलित रूप में किया जा सकेगा।

महाविद्यालय तथा जिला अस्पताल अनूपपुर के मध्य फैमिली हेल्थ सर्वे, तथा राज्य व केंद्र प्रायोजित अन्य योजनाओं की प्रभावशीलता का अध्ययन करने हेतु आंकड़ों तथा शोधविधि (Methodology) को साझा करना।

महाविद्यालय तथाजिला अस्पताल अनूपपुर के दायरे (Catchment Area) में आने वाली नगर पालिका तथा महाविद्यालय द्वारा लिए गए गोद ग्राम में स्वास्थ्य तथा स्वच्छता संबंधी जागरूकता के लिए साझा आयोजन करना।

किशोरों, किशोरियों तथा युवा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष  कैम्प का आयोजन करना।






## *आई.टी.आई. अनूपपुर तथा शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के मध्य एमओयू पर हुए हस्ताक्षर-*

_28 नवंबर 2022

***दोनों संस्थानों ने आपसी सहयोग पर प्रकट की सहमति...***





## *महाविद्यालय की छात्रा कुसुम केवट को बाल संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य हेतु किया गया सम्मानित*

_24 दिसंबर 2022

महाविद्यालय की बी.एस-सी तृतीय वर्ष की छात्रा कुसुम केवट को "आगाज़" इन्टर्नशिप प्रोग्राम अंतर्गत, बाल संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य हेतु unicef द्वारा भोपाल में सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि कुसुम NSS की वालंटियर है। कुसुम की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार की ओर से शुभकानाएं एवं बधाइयां।



## *विश्व एड्स दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन*

### *सही जानकारी एवं आत्म संयम ही एड्स से बचाव का सबसे बेहतर तरीका : डॉ सोनी*

_01 दिसम्बर 2022

शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर में 01 दिसम्बर 2022 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला स्वास्थ्य अधिकारी (प्रथम) डॉ.आर.पी.सोनी ने कहा कि एड्स से सम्बंधित सभी पहलुओं की सही जानकारी बहुत आवश्यक है। सही जानकारी एवं आत्म संयम ही इससे बचाव का सबसे बेहतर एवं सुरक्षित तरीका है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला एड्स नियंत्रण समिति के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने कहा कि युवाओं में जागरूकता लाकर एवं इस विषय पर अधिक से अधिक संवाद द्वारा इस गंभीर बीमारी को रोका जा सकता है।

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे डॉ.जे.के.सन्त, प्राचार्य, शासकीय तुलसी महाविद्यालय ने कहा कि समय की आवश्यकता है कि इस विषय पर संवाद होना चाहिए। डॉ. सन्त ने कहा कि इस विषय पर बात करने से जितना बचेंगे इससे बचाव उतना मुश्किल होता जाएगा।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति के संयोजक डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो संगीता बासरानी, डॉ गीतेश्वरी पाण्डेय, प्रो विनोद कुमार कोल, डॉ बृजेन्द्र सिंह, डॉ योगेश तिवारी, श्री सत्येंद्र चौहान, श्री मनीष पाण्डेय, श्री नंदलाल गुप्ता, डॉ तरन्नुम सरवत एवं जिला संगठक रासेयो ज्ञान प्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की NSS इकाई के द्वारा जिला चिकित्सालय अनूपपुर तथा महाविद्यालय के मध्य हुए MoU के अंतर्गत किया गया था।






## Recent Trends in Chemical Science *विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन*

_7 दिसम्बर 2022

दिनाँक 7 दिसम्बर 2022 को रसायन शास्त्र विभाग द्वारा Recent Trends in Chemical Science विषय पर मध्य प्रदेश गुणवत्ता उन्नयन परियोजना वित्तपोषित(विश्वबैंक परियोजना) एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संयोजन डॉ. बृजेन्द्र सिंह कर रहे है। कार्यशाला में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के लिए स्पॉट पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रखी गयी।



## *विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग तथा समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्ण जयंती व्याख्यान शृंखला 2 का आयोजन*

_10 दिसंबर 2022

महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में तथा दिनाँक 10 दिसंबर 2022 को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग तथा समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना वित्तपोषित स्वर्ण जयंती व्याख्यान शृंखला 2 विषय-भारतीय संविधान में निहित मानवाधिकार पर आयोजित किया गया। इस व्याख्यान को शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय,कोतमा, अनूपपुर के राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. गिरेन्द्र शर्मा ने संबोधित किया । इस व्याख्यान के संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के.संत,संयोजन श्री कमलेश चावले तथा सह-संयोजन श्री ज्ञान प्रकाश पांडेय कर रहे है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों हेतु स्पॉट पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रखी गयी।







# ***राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में हुआ विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन*** –

_22 दिसंबर 2022

दिनाँक 22 दिसंबर राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. गीतेश्वरी पांडेय ने बताया है कि ***निबंध लेखन प्रतियोगिता*** को महाविद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकते है जबकि इस अवसर पर एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है । ***ऑनलाइन क्विज*** में दिनाँक 29 दिसम्बर तक प्रतोभागी अपने प्रतिक्रिया को दर्ज कर सकेंगे , वहीं दिनाँक 24 दिसंबर को Popularization of Mathematics विषय पर गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के गणित विषय के सहायक प्रोफेसर बी.बी.चतुर्वेदी द्वारा ***आमन्त्रित व्याख्यान*** का भी आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. जे.के.संत ने बताया है कि इसप्रकार के आयोजन से युवा पीढ़ी रामानुजन के योगदानों से परिचित हो सकेगी।



## ***अर्थशास्त्र एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'फील्ड परियोजना निर्माण एवं रिपोर्ट लेखन' विषय आयोजित तीन दिवसीय विद्यार्थी उन्मुखीकरण कार्यक्रम*(SIP) *का आयोजन***

_25 दिसम्बर 2022


मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना(उच्च शिक्षा विभाग,विश्वबैंक परियोजना) समर्थित तथा अर्थशास्त्र एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'फील्ड परियोजना निर्माण एवं रिपोर्ट लेखन' विषय पर दिनाँक 26 से 28 दिसम्बर 2022 तक आयोजित तीन दिवसीय विद्यार्थी उन्मुखीकरण कार्यक्रम(SIP) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में मार्गदर्शक एवं व्यवस्थापक के रूप में डॉ. अमितभूषण द्विवेदी,विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र का योगदान महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम का संयोजन प्रीतिवैश्य (सहा.प्राध्यापक ,अर्थशास्त्र) तथा सह-संयोजन क्रमशःज्ञानप्रकाशपांडेय (विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ) तथा शाहबाज़ खान,( सहा. प्राध्यापक ,वाणिज्य ) के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. देवेंद्रसिंह बाग़री सहित कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापकों का व्याख्याताओं के रूप में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ । आयोजन समिति में सदस्य के रूप में डॉ. तरन्नुम सरवत का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

**प्रथम दिवस (26दिसंबर 2022) -**

कार्यक्रम के पहले दिन चार तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का पहला तकनीकी सत्र डॉ. अमितभूषण द्विवेदी द्वारा परियोजना के चरण और आरंभिक निर्देशों को बताने के साथ आरम्भ हुआ।

कार्यक्रम के दूसरे तकनीकी सत्र में महाविद्यालय के जंतुविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक संगीता बासरानी ने 'परियोजना हेतु शीर्षक चुनाव' विषय पर अपना प्रेजेंटेशन दिया गया।तकनीकी सत्र तीन में, महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. आकांक्षा राठौर के द्वारा आंकड़ों के संग्रह एवं विश्लेषण पर प्रस्तुत किया गया ।तकनीकी सत्र चार को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के गणित विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. गीतेश्वरी पांडेय ने परियोजना लेखन विषय पर प्रेजेंटेशन दिया गया ।






**<u>द्वितीय दिवस (27दिसंबर 2022) –</u>**

कार्यक्रम के दूसरे दिन तकनीकी सत्र 5,6 एवं 7 का आयोजन गूगल मीटिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय वक्ताओं के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी सत्र पाँच को देवी अहिल्या विश्विविद्यालय, इंदौर के अर्थशास्त्र अध्ययन शाला के अर्थशास्त्र विषय के सह-प्राध्यापक डॉ. सखाराम मुजाल्दे ने 'फील्ड परियोजना कार्य के आरंभिक परिचय' पर अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी परियोजना कार्य को हल्के में लेने के बजाय सीखने की चुनौती के रूप में इसे स्वीकार करें। तकनीकी सत्र 6 को शासकीय महाविद्यालय, नरयावली,सागर के अर्थशास्त्र विषय के सहायक



प्राध्यापक डॉ. अंकित सिंह  सूर्यवंशी ने आंकड़ों का संग्रह एवं विश्लेषण पर व्याख्यान देते हुए कहा कि परियोजना से लेकर अनुसंधान तक कि यात्रा में आंकड़ों का संग्रह एवं विश्लेषण एक महत्वपूर्ण कड़ी है। तकनीकी सत्र 7 को शासकीय महाविद्यालय सोयतकला के प्रभारी प्राचार्य एवं अर्थशास्त्र विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. महेश बंसिया ने परियोजना प्रतिवेदन प्रारूप पर उच्चशिक्षा विभाग के निर्देशों एवं प्रारूपों का प्रदर्शन किया। इन समस्त ऑनलाइन व्याख्यानों का स्मार्ट कक्ष संख्या 18 में लाइव प्रसार किया गया।

**तृतीय दिवस (28दिसंबर 2022) -**

कार्यक्रम के तीसरे दिन दिनाँक 28 दिसंबर 2022 को महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में तकनीकी सत्र आठ एवं नौ का आयोजन महाविद्यालय के आंतरिक संसाधनों का प्रयोग करके किया गया। तकनीकी सत्र आठ को संबोधित करते हुए ज्ञान प्रकाश पांडेय ने साहित्य का संग्रह एवं साहित्य की समीक्षा विषय पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम के अंतिम सत्र को शाहबाज़ खान ने संबोधित करते हुए संदर्भ सूची निर्माण करने की APA और MLA विधियों को सिखाया ।तीसरे दिन के कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता यह रही कि तीसरे दिन के व्याखयान को fb live करके उसका प्रसारण महाविद्यालय के स्मार्ट कक्ष में किया गया।










**Facebookपर live प्रसारण**


शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर(मध्यप्रदेश)
आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन
प्रकोष्ठ
05 जनवरी 2020
गुणवत्ता से उत्कृष्टता की ओर एक पहल